आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 20.03.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को स्वीकृति दी।
- चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू, रजिस्ट्रेशन के दौरान आधार कार्ड विवरण देना अनिवार्य।
- पौड़ी में आयोजित पलायन निवारण आयोग की बैठक में रिवर्स माइग्रेशन पर ज़ोर।
- और, अल्मोड़ा में गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत नदी और घाटों की सफाई के साथ ही नशामुक्ति से संबंधित जन–जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

गोकुल मिशन

केंद्र सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में कल मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मिशन का कार्यान्वयन एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि योजना से दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता को काफी प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होगी।

मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी है।

चारधाम यात्र पंजीकरण शुरू

चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गए हैं। इस बार पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना जरूरी होगा। 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन, जबकि 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे, ताकि तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो। यात्रा मार्गों पर हरिद्वार और ऋषिकेश के साथ पंजीकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। श्रद्धालु registrationandtouristcare.uk.gov.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष चारधाम यात्रा 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ शुरू हो जाएगी।

खड़िया खानन कार्रवाई

बागेश्वर जिले में 31 खड़िया खानों के निरस्तीकरण की संस्तुति करने के साथ ही गोलना में स्थित एक स्टोन क्रशर को अनियमितताओं के चलते सील किया गया है। क्रशर से बगैर अनुमति के खनिज सामग्री बेची जा रही थी। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद न्यायमित्र सह अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली और कोर्ट कमिश्नर शशांक धूलिया ने बागेश्वर जिले में खड़िया खानों के साथ ही क्रशरों की जांच की। निरीक्षण में कई खड़िया खानों में दो साल से खनन कार्य नहीं होना पाया गया। इसके अलावा अन्य गड़बड़ियां भी मिली। क्षेत्रीय लोगों से बातचीत करके और स्थलीय निरीक्षण करने के बाद जिले की 31 खड़िया खानों के निरस्तीकरण की सिफारिश खान निदेशालय को भेजी गई है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि जिले में निरीक्षण के बाद ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश का पालन सख्ती से किया जा रहा है।

वेव्स समझौता

वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म भारत में ड्यूशर फुटबॉल–बंड, डीएफबी–पोकल सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले का सीधा प्रसारण करेगा। प्रसार भारती और डीएफबी जर्मनी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इससे भारत और जर्मनी के बीच फुटबॉल संबंधों को मजबूती मिलेगी। समझौते के अंतर्गत एक अंडर–17 प्रतिभा खोज टूर्नामेंट का शुभांरभ किया जाएगा, जिसमें 20 युवा भारतीय खिलाड़ियों को जर्मनी में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि डीएफबी के साथ सहयोग से भारतीय दर्शकों को न केवल बडे स्तर के फुटबॉल मैच देखने को मिलेंगे बल्कि हमारे युवा फुटबॉलरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी मौका मिलेगा।

पलायन निवारण आयोग

पौड़ी में आयोजित ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की बैठक में प्रदेश में रिवर्स माइग्रेशन पर ज़ोर दिया गया। आयोग के उपाध्यक्ष एस.एस. नेगी ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार– स्थाई पलायन में 60 प्रतिशत कमी आई है और अस्थायी पलायन भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के कारण लोग पलायन करने के बजाय, स्वरोज़गार के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग के प्रत्येक सदस्यों को दो–दो जिले आवंटित किए गए हैं। सभी सदस्य जिलों में भ्रमण करते हुए लोगों के साथ संवाद कर समस्याओं और पलायन के कारणों को जानकर, सरकार को सुझाव देते हैं।

आयोग के सदस्य सुरेश चन्द्र सुयाल ने कहा कि सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर 100 ऐसे गांव विकसित किए जा रहे हैं, जो पलायन से पूरी तरह मुक्त होंगे। इन गांवों में नागरिकों को गांव में ही रोज़गार मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

प्रदेश में सरकार की योजनाएं और कार्यों से गांवों में स्वरोज़गार की दिशा में मदद मिल रही है। पलायन निवारण आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि आने वाले समय में राज्य के गांवों को पलायन से मुक्त कर स्वावलंबी बनाया जाएगा।

योगासन प्रतियोगिता

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और नमामि गंगे उत्तराखंड के सहयोग से गंगा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नदी और घाटों की सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य और नशामुक्ति से संबंधित जन–जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। वहीं, योग को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए इस अभियान की शुरुआत योगासन प्रतियोगिता से की गई। इस अवसर पर छात्रों ने सूर्य नमस्कार और नटराज आसन सहित कई योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। योग विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल गंगा की स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि समाज में नशामुक्ति और स्वच्छता के लिए जन–जागरूकता पैदा करना भी है।

वहीं, प्रतिभागी छात्रा गंगा नेगी ने कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आंगनबाड़ी प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक गुर सिखाए गए। इस दौरान ''पोषण भी–पढ़ाई भी कार्यक्रम का परिचय, 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के विकासात्मक पहलु और खेल आधारित शिक्षण गतिविधियां आयोजित की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी गोल्डी सिंह ने बताया कि छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही उनके पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों के महत्व के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकात्रियों को जानकारी दी गई।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- केंद्र सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को स्वीकृति दी।
- चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू, रजिस्ट्रेशन के दौरान आधार कार्ड विवरण देना अनिवार्य।
- पौड़ी में आयोजित पलायन निवारण आयोग की बैठक में रिवर्स माइग्रेशन पर ज़ोर।

- और, अल्मोड़ा में गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत नदी और घाटों की सफाई के साथ ही नशामुक्ति से संबंधित जन–जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।